**NEWS CLIPPING: 05.07.2018**

**DAINIK BHASKAR**

राहत | बीएससी के लिए 8 जुलाई तथा एमएससी के लिए 11 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

# वाईएमसीए ने कुछ पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए तिथि बढ़ाई, स्टूडेंट्स को राहत

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

वाईएमसीए यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक सत्र 2018-19 के लिए बीएससी (एनिमेशन व मल्टीमीडिया) व एमएससी (एनवायरमेंटल साइंस) में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने की घोषणा की है। विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया है। विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 3 जुलाई थी।

## अब अंतिम तिथि 8 जुलाई

डीन (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा पहली बार शुरू किए गए बीएससी (एनिमेशन व मल्टीमीडिया) में विद्यार्थियों के रिस्पांस को देखते हुए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाया जा रहा है। इसके लिए अब 8 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। इसी प्रकार एमएससी (एनवायरमेंटल साइंस) के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 11 जुलाई कर दिया गया है। जबकि एमएससी (एनवायरमेंटल साइंस) में प्रवेश परीक्षा के कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि एमए (जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन) व एमटेक पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 10 जुलाई ही रहेगी। विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर में होगी। इसके लिए परीक्षा का पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।



फरीदाबाद. कॉलेज जाती स्टूडेंट्स। (फाइल फोटो)

## यह है प्रवेश परीक्षा का शेड्यूल

प्रवेश परीक्षा के लिए निर्धारित कार्यक्रम के तहत एमबीए के लिए प्रवेश परीक्षा 7 जुलाई को सुबह 10 से 11.30 बजे तक होगी। इसी प्रकार एमसीए के लिए प्रवेश परीक्षा 7 जुलाई को दोपहर 2 से 3.30 बजे तक होगी। एमएससी (फिजिक्स) के लिए प्रवेश परीक्षा 8 जुलाई को सुबह 10 से 12 बजे तक होगी। एमएससी (मैथ) के लिए प्रवेश परीक्षा रविवार को ही दोपहर 2 से 4 बजे तक होगी। एमएससी (केमिस्ट्री) के लिए प्रवेश परीक्षा 14 जुलाई व एमएससी (एनवायरमेंटल साइंस) के लिए 14 जुलाई को ही दोपहर 2 से 4 बजे तक होगी। पीएचडी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 15 जुलाई को सुबह 10 से 12 बजे तक होगी।

## वेबसाइट से डाउनलोड करें प्रवेश कार्ड

प्रवेश परीक्षा पूर्णतः लिखित व ऑफलाइन होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए अभ्यर्थी प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अपने लॉग इन द्वारा डाउनलोड कर सकते हैं। बिना प्रवेश पत्र के अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र में उपस्थिति दर्ज करानी होगी। परीक्षा केंद्र में मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग निषेध रहेगा। अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र के साथ एक वैध फोटो पहचान पत्र भी लाना होगा।

**DAINIK BHASKAR**

# तकनीकी संस्थानों में लागू होगा अनिवार्य प्रेरक कार्यक्रम

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा निर्धारित मॉडल पाठ्यक्रम के तहत शुरू किए जा रहे तीन सप्ताह के अनिवार्य प्रेरक कार्यक्रम को हरियाणा के सभी इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2018-19 से लागू करने का कार्यक्रम तैयार किया है। इसके तहत एआईसीटीई द्वारा वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 6 से 8 जुलाई तक तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा की प्रधान सचिव, तकनीकी शिक्षा ज्योति अरोड़ा मुख्य अतिथि होंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में होने वाले इस तीन दिनी कार्यक्रम में फरीदाबाद, गुड़गांव, झज्जर, महेंद्रगढ़, नूंह, मेवात, पलवल तथा रेवाड़ी के सरकारी व निजी इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी संस्थानों के लगभग 150 संकाय सदस्य हिस्सा लेंगे।

**NEWS CLIPPING: 05.07.2018**

**DAINIK JAGRAN**

# वाईएमसीए विवि ने ऑनलाइन आवेदन की तिथियां बढ़ाई

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने बीएससी एनिमेशन व मल्टीमीडिया और एमएससी पर्यावरण विज्ञान में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने की घोषणा की है।

वाईएमसीए विश्वविद्यालय के अकादमिक डीन डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने इस शिक्षा सत्र से शुरू किए बीएससी एनिमेशन व मल्टीमीडिया में विद्यार्थियों के उत्सुकता को देखते हुए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि बढ़ाकर आठ जुलाई कर दी है। इसके अलावा एमएससी पर्यावरण विज्ञान में आवेदन के लिए अंतिम तिथि 11 जुलाई कर दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एमए जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन तथा एमटेक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन की तिथि निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 10 जुलाई ही रहेगी। विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी, जिसके लिए परीक्षा का पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

एमबीए कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा सात जुलाई को सुबह दस से साढ़े 11, जबकि एमसीए के लिए प्रवेश परीक्षा दो से साढ़े तीन बजे होगी। इसके अलावा एमएससी भौतिकी की प्रवेश परीक्षा आठ जुलाई को सुबह दस से 12 बजे और एमएससी गणित की प्रवेश परीक्षा दोपहर दो से चार बजे होगी। इसी प्रकार एमएससी रसायन की परीक्षा 14 जुलाई को सुबह दस बजे से शुरू होगी और एमएससी पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा दो बजे से होगी। पीएचडी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 15 जुलाई सुबह 10 से 12 बजे के बीच होगी।

**NEWS CLIPPING: 05.07.2018**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए में आवेदन की तिथि बढ़ी

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विभिन्न कोर्सों में आवेदन से चूके छात्र दाखिले की दौड़ में शामिल हो सकते हैं। शैक्षणिक सत्र 2018-19 के लिए कुछ कोर्सों में आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है। बीएससी (एनीमेशन व मल्टीमीडिया) और एमएससी (एनवायरमेंटल साइंस) में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आगे बढ़ा दी है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए डीन (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से पहली बार शुरू किए गए बीएससी (एनिमेशन व मल्टीमीडिया) में दाखिले को छात्र आठ जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एमएससी (एनवायरमेंटल साइंस) के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 11 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। एमए (जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन) तथा एमटेक पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 जुलाई तक होंगे।

**बदलाव**

- **छात्रों के हितों को देखते हुए तिथि आगे खिसकाई**
- **प्रवेश पत्र विवि की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं**

**सात जुलाई से शुरू होगा प्रवेश परीक्षा का दौर :** कई कोर्सों के लिए परीक्षा का पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिया गया है। शेड्यूल के मुताबिक एमबीए और एमसीए के लिए प्रवेश परीक्षा सात जुलाई को होगी। वहीं एमएससी (फिजिक्स) और एमएससी (मैथ) के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन आठ जुलाई को होगा। एमएससी (केमिस्ट्री) और एमएससी (एनवायरमेंटल साइंस) के लिए प्रवेश परीक्षा 14 जुलाई को होगी। पीएचडी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 15 जुलाई को होगा।

**परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र करें डाउनलोड :** प्रवेश परीक्षा ऑफलाइन होगी और इसके लिए प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अपने लॉग इन द्वारा डाउनलोड कर सकते हैं। बिना प्रवेश पत्र के किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षा के लिए 30 मिनट पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। परीक्षा केन्द्र में मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग निषेध रहेगा। छात्रों को प्रवेश पत्र के साथ एक वैध फोटो पहचान पत्र भी लाना होगा।

**AMAR UJALA**

# फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम 6 जुलाई से

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए में 6 से 8 जुलाई तक तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें हरियाणा की प्रधान सचिव, तकनीकी शिक्षा ज्योति अरोड़ा मुख्य अतिथि होंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में फरीदाबाद, गुरुग्राम, झज्जर, महेंद्रगढ़, नूंह, मेवात, पलवल और रेवाड़ी के सरकारी व निजी इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी संस्थानों के लगभग 150 संकाय सदस्य हिस्सा लेंगे। इसके आयोजन का उद्देश्य संकाय सदस्यों को अनिवार्य प्रेरक कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रशिक्षित करना है, जिससे वह अपने संस्थानों में अनिवार्य प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन करने में सक्षम हो सकें। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 05.07.2018**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए में फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) के निर्देशानुसार छह से आठ जुलाई तक तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन होगा।

कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा हरियाणा की प्रधान सचिव ज्योति अरोड़ा बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में फरीदाबाद समेत गुड़गांव, झज्जर, महेंद्रगढ़, नूंह, मेवात, पलवल और रेवाड़ी के सरकारी व निजी इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी संस्थान हिस्सा लेंगे। तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम में तकरीबन 150 फैकल्टी सदस्य शामिल होंगे। इस दौरान अनिवार्य प्रेरक कार्यक्रम योजना के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## योजना

- छह से आठ जुलाई तक तीन दिवसीय आयोजन होगा
- अनिवार्य प्रेरक कार्यक्रम योजना के बारे में जानकारी दी जाएगी

**NEWS CLIPPING: 05.07.2018**

**PUNJAB KESARI**

# वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने बढ़ाई ऑनलाइन आवेदन की तारीख

## विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम जारी

फरीदाबाद, 4 जुलाई (ब्यूरो) वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने बीएससी और एमएससी में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई है। अलग-अलग पाठ्यक्रमों में आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 3 जुलाई थी जिसे बढ़ा कर 10 जुलाई कर दिया गया ।इस संबंध में जानकारी देते हुए डीन डॉ . विक्रम सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा पहली बार शुरू किए गए बीएससी में छात्रों के रिस्पांस को देखते हुए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाई गई है। इस पाठ्यक्रम में छात्र अब 8 जुलाई तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस प्रकार एमएससी (एनवायरमेंटर साइंस) के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 11 जुलाई कर दिया गया है। जबकि एमएससी में प्रवेश परीक्षा में कार्यक्रम में कोई बदलावा नहीं किया गया है।

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई**

उन्होंने बताया कि अलग-अलग में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी।जिसके लिए परीक्षा का पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिया गया है। प्रवेश परीक्षा के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत एमबीए के लिए प्रवेश परीक्षा सात जुलाई शनिवार को 11 बजे तक आयोजित होगी। इसी प्रकार एमसीए के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन सात जुलाई को दोपहर 2 बजे किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा लिखित और ऑफलाइन होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए अभ्यर्थी प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अपने लाग इन द्वारा डाउनलोड कर सकते हैं। बिना प्रवेश पत्र के अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं किया जाएगा। सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से 30 मिनट से पहले केंद्र परीक्षा केंद्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करवानी होगा।


पंजाब केसरी ई-पेपर
Thu, 05 July 2018
epaper.punjabkesari.in/c/30089573

**NEWS CLIPPING: 05.07.2018**

**PUNJAB KESARI (DELHI)**

# वाईएमसीए ने दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाई

**फरीदाबाद,** (पंजाब केसरी): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद ने शैक्षणिक सत्र 2018.19 के लिए बी एस सी एनिमेशन व मल्टीमीडिया तथा एम एस सी एनवायरमेंटल साइंस में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाने की घोषणा की है तथा विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया है। विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 3 जुलाई थी। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीन अकादमिक डॉ विक्रम सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा पहली बार शुरू किये गये बी एस सी एनिमेशन व मल्टीमीडिया में विद्यार्थियों के रिस्पांस को देखते हुए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम के लिए अब 8 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किये जा सकते है। इसी प्रकार, एम एस सी एनवायरमेंटल साइंस के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 11 जुलाई कर दिया गया है जबकि

**NEWS CLIPPING: 05.07.2018**

**NAVBHARAT TIMES**

# YMCA में बढ़ी ऑनलाइन आवेदन की डेट

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में कुछ कोर्स में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख 3 जुलाई से बढ़ाकर 11 जुलाई कर दी गई है।

यूनिवर्सिटी के अकैडमिक डीन डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि बीएससी एनिमेशन व मल्टीमीडिया के लिए अब 8 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। वहीं एमएससी एनवायरमेंटल साइंस के लिए आवेदन की तारीख बढ़ाकर 11 जुलाई कर दी गई है। इसी तरह एमए जर्नलिज्म, मास कम्यूनिकेशन व एमटेक के लिए 10 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा यूनिवर्सिटी परिसर में होगी। परीक्षा का शेड्यूल वेबसाइट पर अपडेट कर दिया गया है। एमबीए, एमसीए, एमएससी फिजिक्स, एमएससी मैथ्स, एमएससी कैमिस्ट्री और एमएससी एनवायरमेंटल साइंस के लिए प्रवेश परीक्षा अलग-अलग तारीखों में होगी। पीएचडी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 15 जुलाई सुबह 10 बजे से 12 बजे तक होगी। संबंधित छात्र यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।